कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कमान्द, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड। पिन–249131

मोबाइल–9897788009, 9410520590
E.mail-gdckamand2016@gmail.com

सूचना सं०– 42 **पोस्टमैट्रिक (दशमोत्तर) छात्रवृत्ति सूचना** दिनांक 13 जुलाई, 2026

महाविद्यालय में शिक्षण सत्र 2026–27 में अध्ययनरत् समस्त संस्थागत छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति/ई०बी०सी०** में छात्रवृत्ति के लिए आनलाईन नवीन पंजीकरण (Fresh Registration)/नवीनीकरण (Renewal) किये जाने की अन्तिम तिथि **दिनांक 30 सितम्बर, 2026** तक निर्धारित है।

अतः अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति/ई०बी०सी० से सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राएं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (http://scholarships.gov.in) पर राज्य स्कीम (State Scheme) के तहत ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात आवेदन पत्र की एक प्रति समस्त वांछित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित निर्धारित अन्तिम तिथि **दिनांक 30 सितम्बर, 2026** तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, साथ ही ऑनलाईन आवेदन करते समय यूजर आईडी एवं पासवर्ड अपने पास सुरक्षित रखें।

नोटः छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर OTR (One Time Registration) सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण कर OTR नम्बर जनरेट किये जाने की व्यवस्था भारत सरकार द्वारा की गई है।

- विद्यार्थियों का Face Authentication सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण किया जाना आवश्यक है।
- छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने से पूर्व अपने बैंक खाते से आधार सीडिंग करवाकर आधार बेस डी०बी०टी० हेतु अपने बैंक खाते को Enable कराया जाना है।
- **छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्र ऑनलाईन अपलोड किये जाने है) :–**

1. जाति प्रमाण पत्र। (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई०बी०सी० हेतु)
2. स्थाई निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3. अभिभावक का आय प्रमाण पत्र।
4. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छाया प्रति।
5. अन्तिम उत्तीर्ण परीक्षा का प्रमाणपत्र/अंकतालिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
6. प्रवेश शुल्क रसीद की सत्यापित छायाप्रति।
7. बैंक पासबुक की छायाप्रति (छात्र/छात्रा का बैंक खाता)
8. एक नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो।
9. हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की अंकतालिका/प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
10. महाविद्यालय द्वारा निर्गत बोनाफाइड प्रमाण पत्र।

छात्र-छात्राएँ अधिक जानकारी हेतु छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ० बीना रानी से मो० नं०- 8650647240 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय कमान्द
टिहरी गढ़वाल

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय कमान्द
टिहरी गढ़वाल